# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : श्वेता कोचर (आर0ए0एस0)

वाद सं0 : 80 सन 2022

अनवान :–

1. अमरसिह पुत्र हुक्माराम जाति जाट निवासी हाल गुसाईयान तहसील सिरसा जिला सिरसा

वादी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर।

प्रतिवादी

दावा इस्तकरार हक अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

उपस्थित :– श्री रामकुमार बैनीवाल अधिवक्ता वादी

निर्णय दिनांक :– 17/2/2022

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता एक वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आश्य का पेश किया की रोही मौजा रायसिहपुरा के खाता संख्या 94 की कुल 13.1270हैक्‍ में से वादी का 1/4 हिस्सा भूमि का खातेदार काश्तकार वर्तमान राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

उक्त भूमि मे वादी का नाम की सकुनत गांव नगरासरी दर्ज कर रखा है जबकि वादी का सही सकुनत गुसाईयाना तहसील सिरसा है सहवन से राजस्व रिकार्ड तैयार करते समय वादी की सकुनत गलत तौर से दर्ज किया गया है वादी की सही सकुनत गुसाईयाना तहसील सिरसा है यही नाम सभी दस्तावेजात में दर्ज है।

वादी के सभी दस्तावेजात जैसे भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता फोटो पहचान पत्र , भारत सरकार का आम आदमी का आधार कार्ड , परिवार राशन कार्ड सभी में वादी की सकुनत गुसाईयाना दर्ज है किन्तु राजस्व रिकार्ड में वादी की सकुनत नगरसरी दर्ज किया गया है जो गलत है।

वादी का राजस्व रिकार्ड में नाम गलत तौर से दर्ज होने से वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी को राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली केसीसी , खाद बीज का ऋण , मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है वादी का अन्य किसी सहखातेदार से कोई अनुतोष नही है वादी केवल राजस्व रिकार्ड में अपना नाम संशोधन करवाना चाहता है।

अतः वादी की सकुनत राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाकर नगरासरी के स्थान पर गुसाईयाना तहसील सिरसा संशोधन करने के आदेश फरमावे वादी का वाद डिक्री फरमावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 की और से पेरोकार राज उपस्थित होकर जबाब पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे जबाब शामिल मिलस किया गया। उभयपक्षों की बहस सुनी ।

वकील वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की रोही मौजा रायसिहपुरा के खाता संख्या 94 की कुल 13.1270हैक्‍ में से वादी का 1/4 हिस्सा भूमि का खातेदार काश्तकार वर्तमान राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

उक्त भूमि मे वादी का नाम की सकुनत गांव नगरासरी दर्ज कर रखा है जबकि वादी का सही सकुनत गुसाईयाना तहसील सिरसा है सहवन से राजस्व रिकार्ड तैयार करते समय वादी की सकुनत गलत तौर से दर्ज किया गया है वादी की सही सकुनत गुसाईयाना तहसील सिरसा है यही नाम सभी दस्तावेजात में दर्ज है।

वादी के सभी दस्तावेजात जैसे भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता फोटो पहचान पत्र , भारत सरकार का आम आदमी का आधार कार्ड , परिवार राशन कार्ड सभी में वादी की सकुनत गुसाईयाना दर्ज है किन्तु राजस्व रिकार्ड में वादी की सकुनत नगरसरी दर्ज किया गया है जो गलत है।

वादी का राजस्व रिकार्ड में नाम गलत तौर से दर्ज होने से वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी को राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली केसीसी , खाद

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

बीज का ऋण , मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है वादी का अन्य किसी सहखातेदार से कोई अनुतोष नही है वादी केवल राजस्व रिकार्ड में अपना नाम संशोधन करवाना चाहता है।

पेरोकार राज ने अपनी बहस में अपने जवाब में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

हमने उभयपक्षों की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत दस्तावेजात के अनुसार की रोही मौजा रायसिहपुरा के खाता संख्या 94 की कुल 13.1270हैक्ट में से वादी का 1/4 हिस्सा भूमि का खातेदार काश्तकार वर्तमान राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिसमें वादी की सकुनत नगरासरी दर्ज है

वादी का कथन है कि वादी की सकुनत राजस्व रिकार्ड में दर्ज करते समय गुसाईयाना के स्थान पर नगरासरी दर्ज किया गया है सही सकुनत राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के मतदाता पहचान पत्र, आम आदमी का आधार दस्तावेजात सभी में वादी की सकुनत गुसाईयाना दर्ज है। वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात से वादी की सकुनत/रहने वाला गुसाईयान का प्रतित होता है

वादी के राजस्व रिकार्ड एवं प्रस्तुत अन्य दस्तावेजात में वादी की सकुनत में भिन्नता है तहसीलदार राजस्व नोहर के अनुसार वादी की सकुनत राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है साथ ही यदि वादी की सकुनत राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो राज्य सरकार को किसी प्रकार की हानी नही होती है बल्की राजस्व रिकार्ड ही संशोधित होता है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात , शपथ पत्र/पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐतराज पेश होने के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं पेरोकार राज को किसी प्रकार को ऐतराज नही होने के कारण वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा रायसिहपुरा के खाता संख्या 94 की कुल 13.1270हैक्ट में से वादी का 1/4 हिस्सा भूमि में वादी की सकुनत नगरासरी अंकित है के स्थान पर गुसाईयाना तहसील सिरसा संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी अनुसार पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 17/02/2022 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बरारे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
उपखण्ड अधिकारी
नोहर ( हनुमानगढ )
नोहर

Scanned with CamScanner

# पर्चा डिक्री

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर**

अज अदालत :- सुश्री श्वेता कोचर ( आर.ए.एस)

अनवान :–

1. अमरसिंह पुत्र हुकमाराम जाति जाट निवासी हाल गुसाईयाना तहसील सिरसा जिला सिरसा।

वादी

बनाम

1 राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ़।

प्रतिवादी

**वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 80 सन 2022 निर्णय दिनांक- 17/02/2022**

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादीयागण एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्यों के आधार पर वाद वादी डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा रायसिहपुरा के खाता संख्या 94 की कुल 13.1270हैक में से वादी का 1/4 हिस्सा भूमि में वादी की सकुनत नगरासरी अंकित है के स्थान पर गुसाईयाना तहसील सिरसा संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 17/2/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ़ )
उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner